कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2019/ लखनऊ:दिनांक 20 जून, 2019

यू0पी0 नीट यू0जी0–2019 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु समय सारिणी।

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु यू0पी0 नीट यू0जी0 2019 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु महत्वपूर्ण समय–सारणी निम्नवत् है : –

ऑन लाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	दिनांक–21 जून, 2019 (अपरान्ह 4.00 बजे) से दिनांक–24 जून, 2019 तक।
मेरिट सूची जारी करने की तिथि	दिनांक–25 जून, 2019
पंजीकृत अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन तथा धरोहर धनराशि (Security Money) जमा करने की तिथि	दिनांक–26 जून 2019 से 30 जून, 2019 (प्रातः 09 बजे से सांय 05 बजे तक)
ऑन लाईन च्वाईस फिलिंग की तिथि	दिनांक–02 जुलाई 2019 (प्रातः 10 बजे से) दिनांक–04 जुलाई 2019 तक।
ऑन लाईन कांउसलिंग के परिणाम की घोषणा	दिनांक–05 जुलाई 2019
आवंटित अभ्यर्थियों के आवंटन पत्र डाउनलोड करने की तिथि	दिनांक–06 जुलाई 2019 से दिनांक–11 जुलाई 2019 तक
प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक–08 जुलाई 2019 से दिनांक–12 जुलाई 2019 तक

- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थियों को वेबसाईट **https://upneet.gov.in** पर पंजीकरण शुल्क रू0 2000/–(प्रथम व द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु) ऑन–लाइन जमा करते हुए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- पंजीकृत अभ्यर्थियों को अभिलेखों के सत्यापन हेतु अभ्यर्थी द्वारा चयन किये गये नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मूल अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थी द्वारा धरोहर धनराशि (Security Money) का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो **'महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0' (Director General, Medical Education & Training, U.P., payable at Lucknow)** के पक्ष में देय हो, नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
- धरोहर धनराशि राजकीय क्षेत्र हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र) तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज हेतु रू0 2,00,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तथा डेण्टल कालेज रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) का बैंक ड्राफ्ट नोडल सेण्टर पर जमा किया जायेगा।
- यदि कोई अभ्यर्थी धरोहर धनराशि के रूप में रू0 2,00,000/– का बैंक ड्राफ्ट जमा करता है, तो वह राजकीय/निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0, रू0 1,00,000/– की धरोहर धनराशि जमा करने पर राजकीय क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 तथा निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों की बी0डी0एस0 सीटों हेतु अर्ह होगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक–31 दिसम्बर, 2018 से Non-CTS Bank Draft अमान्य घोषित कर दिए गये हैं, अतएव धरोहर धनराशि एवं शिक्षण शुल्क से सम्बन्धित CTS Bank Draft ही राष्ट्रीयकृत बैंक से तैयार कराते हुए नोडल सेण्टर पर जमा करें।
- केवल वही अभ्यर्थी Choice filling के लिए अर्ह होगें, जिनके मूल अभिलेखों का सत्यापन नोडल सेन्टर द्वारा कर दिया गया हो एवं उनकी धरोहर धनराशि (Security Money) जमा हो।
- अभ्यर्थी केवल वही विकल्प प्रस्तुत करें, जिनमें वह प्रवेश हेतु इच्छुक है, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये विकल्पों पर आवंटन होने की दशा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। **प्रवेश न लेने पर धरोहर धनराशि (Security Money) जब्त कर ली जायेगी।**
- **पंजीकृत अभ्यर्थियों द्वारा** Choice भरने के उपरान्त Choice Lock करना अनिवार्य होगा, Choice Lock न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को आवंटन प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण हेतु वेबसाईट **https://upneet.gov.in & www.updgme.in** पर देखी जा सकती हैं। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2019/2029 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति वेबसाईट **https://upneet.gov.in** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ, रजिस्ट्रार, उ0प्र0आ0वि0 सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, तथा प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेज, निजी क्षेत्र के समस्त मेडिकल/डेण्टल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. मेसर्स, एम0एम0 एडवरटाईजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर तथा झांसी, दैनिक हिन्दुस्तान के इलाहाबाद तथा वाराणसी एवं अमर उजाला के आगरा, मुरादाबाद, अलीगढ़, मेरठ तथा बरेली के संस्करणों में तथा दि टाइम्स ऑफ इण्डिया (अंग्रेजी) के लखनऊ संस्करण मे दिनांक–21 जून,2019 को सूक्ष्म अक्षरो, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियो सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
7. सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
8. आहरण–वितरण अधिकारी/कैशियर, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय।
9. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक